हिन्दी साान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–167 : जौनपुर, शुक्रवार 03 मार्च 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## अराजकता फैलाने एवं सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर हो सख्त कार्यवाही –योगी

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होलिकोत्सव, शब–ए–बारात, रमजान, नवरोज, चैत्र नवरात्र, राम नवमी आदि त्योहारों के शांतिपूर्ण आयोजन के संबंध में बृहस्पतिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए समस्त कमिश्नर, एडीजी जोन, सातों पुलिस कमिश्नर, डीएम एवं जिलों के पुलिस कप्तानों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह समय संवेदनशील है। हमें सतर्क रहना होगा। धार्मिक परंपरा एवं आस्था को सम्मान दें। अराजकता करने वालों पर सख्ती हो। आयोजकों से शांति और सौहार्द सुनिश्चित करने का शपथ पत्र लिया जाए। शरारती बयान देने वालों पर कार्रवाई करें। होली पर शरारती तत्व दूसरे सम्प्रदाय के लोगों को उत्तेजित करने की कोशिश कर सकते हैं। ऐसे मामलों पर नजर रखें। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करें। सोशल मीडिया को लेकर अलर्ट रहें। शोभायात्रा एवं जुलूस में दूसरे सम्प्रदाय को उत्तेजित करने वाली गतिविधि न हो। अश्लील, फूहड़ गीत कतई न बजें। धर्मस्थलों पर रंग न डाले जाएं। सीएम योगी ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी धर्मगुरुओं आदि के साथ संवाद बनाएं। अप्रिय घटना की सूचना पर डीएम एवं एसपी तत्काल मौके पर पहुंचे। वरिष्ठ अधिकारी लीड करें। छोटी सी अफवाह माहौल को बिगाड़ सकती है। ऐसे में अलर्ट रहना होगा। गोवंश की तस्करी और अन्य संबंधित अपराध से जुड़े संदिग्ध लोगों पर नजर रखें। जहरीली शराब को लेकर भी विशेष सावधानी रखनी होगी। पुख्ता बंदोबस्त किए जाएं मुख्यमंत्री ने कहा कि त्योहार के अलावा फसलों की कटाई की वजह से तमाम लोग अपने घर सापस आएंगे।



इसके लिए परिवहन विभाग तैयारी कर ले। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त बसों को लगाया जाए। गांव हो या शहर, हर जगह साफ–सफाई होनी चाहिए। होलिका दहन का कार्यक्रम आबादी से दूर कराने का प्रयास करें। सभी 75 जिलों में बिजली की पर्याप्त आपूर्ति की जाए। आपातकालीन सेवाओं को अलर्ट मोड में रखा जाए। डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ के अवकाश को स्थगित रखा जाना उचित होगा। महत्वपूर्ण स्थलों की कराएं सजावट उन्होंने कहा कि होली पर देश–विदेश के श्रद्धालु एवं पर्यटक ब्रज क्षेत्र आ रहे हैं। श्रीराम नवमी के मौके पर अयोध्या और चौत्र नवरात्र के मौके पर मां विंध्यवासिनी धाम,देवीपाटन धाम, सहारनपुर में मां शाकुम्भरी धाम सहित विभिन्न शक्तिपीठों में बड़ी संख्या में लोग आएंगे। भीड़ प्रबंधन के लिए बेहतर नियोजन किया जाना चाहिए। इन स्थलों पर आकर्षक साज–सज्जा की जानी चाहिए। वाराणसी और मथुरा आदि में शुक्रवार को रंगभरी एकादशी के दृष्टिगत आवश्यक प्रबंध कर लिए जाएं।

## विश्व श्रवण दिवस पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह की अध्यक्षता में गोष्ठी का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह की अध्यक्षता में सभागार कक्ष में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया कि विश्व स्तर पर हर साल 3 मार्च को बहरेपन और सुनवाई की हानि को रोकने और दुनिया भर में कान और सुनने की क्षमता की देखभाल को बढ़ावा देने के बारे में जागरुकता फैलाने के प्रयासो पर विश्व श्रवण दिवस मनाया जाता है। नोडल अधिकारी एन0पी0पी0सी0डी0 कार्यक्रम डा0 राजीव कुमार द्वारा बताया गया कि बहरापन ऐसी समस्या है जो उम्र बढ़ने के साथ होने वाली समस्या न होकर बचपन मे शुरु होने वाली परेशानी है। दुनिया भर में लगभग 466 मिलियन लोगो को सुनने मे दुर्बलता यानि बहरापन होता है, जिनमे से 34 मिलियन बच्चे है। दुनिया में लगभग 32 मिलियन बच्चो में सुनने की क्षमता में कमी है और प्रत्येक 1000 मे से 1 बच्चा जन्मजात सुनने की दुर्बलता के साथ पैदा होता है। बचपन की सुनवाई हानि में से 60 प्रतिशत ऐसे कारणे से होती है जिन्हे टाला जा सकता है। उनके द्वारा बताया गया कि हमारे कान के सुनने की क्षमता 80 डेसिबल होती है। आज के मार्डन लाईफस्टाइल में लोग अपनी सुनने की क्षमता को ही खो बैठते है क्योंकि कुछ लोग ज्यादा शोर वाले स्थानो पर काम करते है जिससे उनकी सुनने



की क्षमता प्रभावित होती है । लोगो में सुनाई न देने वाले प्रमुख कारणें में पर्दे में छेद या मेस्टोइड हडडी का गलना है। कान की सबसे छोटी हडडी स्टेपिज मे कपंन रुकना, कान में तरल पदार्थ भरना, वैक्स, सिर या कान पर चोट लगना है। तेज आवाज में म्युजिक सुनने से युवांओं में इस तरह की आशंका बढ़ जाती है । गलसुआ और खसरा आदि के संक्रमण के बाद भी कुछ लोगो में कम सुनने की समस्या होती है। कई बार दवाइयों के रियक्शन से भी ऐसा हो जाता है । उक्त गोष्ठी में अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा0 एस0पी0 मिश्रा, डा0 नरेन्द्र सिंह जिला कार्यक्रम प्रबन्धक सत्यव्रत त्रिपाठी, जयप्रकाश गुप्ता, अजय सिंह, एवं कार्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

## 17 व 18 मार्च को बैंक के ऋण सम्बन्धी मामलो हेतु विशेष लोक अदालत का किया जाएगा आयोजन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुधाकर दूबे द्वारा बताया गया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई राज कुमार सिंह के दिशा–निर्देशन में 17 व 18 मार्च 2023 को बैंक के ऋण सम्बन्धी मामलो हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। विशेष लोक अदालत की तैयारी को लेकर आज जनपद न्यायाधीश राज कुमार सिंह द्वारा जिले के समस्त बैंक अधिकारियों की बैठक ली गई। विशेष लोक अदालत में बैंको के ऋण संबंधी मामलों को सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारण किये जाने के संबंध में समस्त बैंक अधिकारियों को जिला जज द्वारा निर्देश दिए गए। जिससे विशेष लोक अदालत में बैंको के ऋण संबंधी मामलों का अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण किया जा सके। बैठक में अपर जिला



जज अच्छे लाल सरोज,सुधाकर दूबे, अग्रणी बैंक प्रबंधक जे0पी0 सिंह बैंक ऑफ इण्डिया से श्याम सुन्दर, शालिनी महल, आर्यावर्त बैंक से अभिषेक कन्नौजिया, स्टेट बैंक से सुभाष चंद्र, सजल हुसैन, सेन्ट्रल बैंक से केतु कुमार, बैंक ऑफ बड़ौदा से धर्मेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## सरकार की योजनाओं को प्राथमिकता से करना और जनता को लाभ पहुंचाना पहली प्राथमिकता –अनुज झा जिलाधिकारी



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर जिले में नवागत जिलाधिकारी अनुज झा ने शुक्रवार को जनपद आगमन पर सबसे पहले आदि शक्ति पीठ मां शीतला के दरबार में शीश झुकाते हुआ मां का आशीर्वाद लिया। उसके बाद उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कोषागार में पहुंचकर विधिवत आज अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया ।उन्होंने पत्रकारों से औपचारिक वार्ता के दौरान बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप जो भी कार्य होंगे उसे प्राथमिकता से किया जाएगा। सरकार की जो तमाम कल्याणकारी योजनाएं हैं उसे प्राथमिकता से सामान्य जन तक पहुंचाना हमारी कार्यों की प्राथमिकता में होगा। यह बहुत ही महत्वपूर्ण जनपद है जनपद काफी बड़ा है और आबादी को देखते हुए काफी बड़ा भूभाग कवर करता है उसको देखते हुए सबसे पहले मुख्यमंत्री जी और उत्तर प्रदेश सरकार की जो भी महत्वपूर्ण योजनाएं हैं उन सभी कार्य योजनाओं को ठीक से इंप्लीमेंट करना और जनता को सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता है ।जिसमे जनता की सुनवाई करना कोर्ट का कार्य करना समाधान दिवस थाना दिवस तहसील दिवस को प्राथमिकता के आधार पर करते हुए कार्य को निस्तारण कराया जाएगा ।इन सब का ध्यान रखते हुए कार्य करना है जिलाधिकारी ने अपने बारे में बात करते हुए बताया कि वह वर्ष 2009 बैच के आइएएस ऑफिसर हैं इससे पूर्व में बुलंदशहर महोबा कन्नौज रायबरेली आदि जगहों पर जिलाधिकारी के तौर पर काम कर चुका हूं।

## जिलाधिकारी नें अधिकारियों को प्रतिदिन एक घण्टा जनता दर्शन में बैठनें के दिये निर्देश

–जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों से परिचय प्राप्त करते हुए जनपद में चल रही प्रमुख निर्माण कार्यो एवं योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रतिदिन 01 घण्टा जनता दर्शन में अवश्य बैठे और आम जनमानस की समास्याओं को सुनते हुए शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये। उन्होंने कहा कि कार्यालय के बाहर बैठने का समय अनिवार्य रुप से अंकित कराए, जिससे आम जनमानस को समस्या न उत्पन्न हो। जिलाधिकारी महोदय ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके विभाग के द्वारा किये जा रहे अच्छे कार्यो से अवश्य अवगत कराए। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय पोर्टल पर डाटा फिडिंग का कार्य ससमय कराया जाये और समस्त अधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन इमानदारी और निष्ठा पूर्वक करे। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। इस दौरान जिलाधिकारी ने आकांक्षात्मक ब्लाकों के प्रगति की समीक्षा की और जनपद में चल रही बड़ी परियोजनाओं की जानकारी सम्बन्धित अधिकारीगण से प्राप्त की गयी। गो–आश्रय स्थलों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि नोडल अधिकारी , एडीओ पंचायत एवं पशुधन प्रसार अधिकारी की संयुक्त टीम पशु आश्रय स्थल का निरीक्षण करें। इसके उपरान्त जिलाधिकारी द्वारा ऐतिहासिक कलेक्ट्रेट भवन एवं अधिकारियों के न्यायालयों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा–निर्देश दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर चौहान, अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व गणेश प्रसाद, वरिष्ठ कोषाधिकारी सुनील कुमार जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आरडी यादव सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## होली त्यौहार के मद्देनजर सीओ व एसडीएम हरदोई द्वारा पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–(हरदोई) : आगामी होली के त्यौहार को मद्देनजर रखते हुए गुरुवार को थाना पाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन क्षेत्राधिकारी हेमन्त उपाध्याय की मौजूदगी में किया गया। बैठक की अध्यक्षता सवायजपुर उपजिलाधिकारी अभिषेक सिंह ने की। बैठक में दोनों समुदाय के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लेकर आपस में शांति और सौहार्द से होली मनाने की अपील की। क्षेत्राधिकारी हेमंत उपाध्याय एवं उपजिलाधिकारी अभिषेक सिंह के द्वारा सभी समाजसेवी तथा जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि आने वाले दिनों में होली का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से मनायें। और कहा कि होली का पर्व आपसी भाई चारे का संदेश देता है ।इससे लोगों को सीख लेनी चाहिए। रंग गुलाल उड़ाते समय बवाल न करें ताकि होली का पर्व सुखमय तरीके से सम्पन्न हो। होली के पवित्र त्यौहार में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस सतर्क है। पुलिस सभी गतिविधियों पर नजर रखेगी। यदि नगर व क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति ने अफवाह फैलाने और अराजकता करने की कोशिश की तो उसके ऊपर कानूनी कार्यवाही की जायेगी। यह बात पीस कमेटी की बैठक में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने कही। नगर व क्षेत्र के गांवों में होलिका दहन का स्थान चिन्हित है,वहां लोग उसी स्थान पर होलिका दहन करें ।बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को भी सुना गया और उनके समाधान पर भी चर्चा



हुई ।साथ ही सभी ग्राम प्रधानों को अवगत कराया गया कि यदि आपके क्षेत्र में किसी भी प्रकार की शांति व्यवस्था भंग होती है या कोई भी व्यक्ति त्यौहार में अराजकता फैला रहा है तो उसकी सूचना तुरन्त थाने पर दें। पाली थाना प्रभारी राजकुमार पाण्डेय ने भी पीस कमेटी में मौजूद लोगों से होली के पावन त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। बैठक के दौरान , प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पाण्डेय,इंस्पेक्टर विजय प्रताप विंद, एसएसआई,संजय राय, एसआई श्रीपति मौर्य,एस आई राकेश शुक्ला, आबकारी इंस्पेक्टर जितेंद्र समेत नगर सहित क्षेत्र के ग्राम प्रधान,एवं दोनों समुदाय के गणमान्य नगरवासी आदि मौजूद रहे।

**पाठक बन्धुओं से अनुरोध**

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट www.Desh ki upasana.com का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - dku live सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## प्रत्येक बूथ पर 11 सदस्य एवं पन्ना प्रमुख नियुक्त किए जाएं –राम बहादुर सिंह

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर बूथ सशक्तिकरण अभियान की हरदोई विधान सभा कार्यशाला संपन्न हुई इसमें मुख्य अतिथि पीसीएफ डायरेक्टर राम बहादुर सिंह रहे। राम बहादुर सिंह ने बताया भारतीय जनता पार्टी आगामी 15 से 25 मार्च




तक 10 दिवसीय बूथ सशक्तिकरण अभियान चलाएगी जिसमें प्रत्येक शक्ति केंद्र(सेक्टर) पर अल्पकालिक विस्तारक नियुक्त किए गए हैं जो उक्त तिथियों में शक्ति केंद्र पर प्रवास कर बूथ पुनर्गठन करेंगे प्रत्येक बूथ पर 11 सदस्य नियुक्त किए जाएंगे इसके साथ ही पन्ना प्रमुख भी नियुक्त किए जाएंगे। समिति में बूथ अध्यक्ष, मंत्री, व्हाट्सएप ग्रुप इंचार्ज, प्रभावी वोटर इंचार्ज, महिला प्रमुख, युवा प्रमुख, सामाजिक श्रेणी प्रमुख, लाभार्थी प्रमुख, तथा पार्टी के कार्यक्रम प्रमुख आदि नियुक्त होंगे। कार्यशाला को जिला महामंत्री अजीत सिंह बब्बन अनुराग मिश्र ने भी संबोधित किया संचालन जिला महामंत्री ओम वर्मा ने किया। प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती पीके वर्मा जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह, जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक, प्रचार मंत्री संदीप अवस्थी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष उमेश अग्रवाल महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अलका गुप्ता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आकाश सिंह अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष महिपाल गौतम विधानसभा के चारों मंडल अध्यक्ष मंडल कमेटियों के सदस्य शक्ति केंद्र संयोजक प्रभारी आदि मौजूद रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से दो बच्चों की मौत

मिर्जापुर ब्यूरो : मिर्जापुर थाना क्षेत्र के रेहड़ा पुल पुरानी केबिन के पास नई रेल मार्ग पर ट्रेन की चपेट में आने से दो मासूमों की कटकर दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दिया। आधे घंटे तक आरपीएफ और थाना पुलिस के बीच सीमा विवाद चलता रहा। आधे घंटे बाद विंध्याचल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। विंध्याचल थाना क्षेत्र के रेहड़ा रेलवे पुल पुरानी



केबिन के पास नई रेल मार्ग पर आर्यन वर्मा (8) पुत्र राजन वर्मा व राज सरोज (8) पुत्र चुल्ली सरोज निवासी छोटकी मऊहरिया पावर हाउस विंध्याचल रेलवे लाइन पार कर घर आ रहे थे। ट्रेन की चपेट में आने से दोनों बालकों की मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने शव की शिनाख्त कर परिजनों और पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। दोनों बालकों का शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर आरपीएफ को विंध्याचल थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंची। आरपीएफ व विंध्याचल पुलिस के बीच आधे घंटे तक सीमा विवाद बना रहा। जिसके बाद विंध्याचल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष अतुल राय ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से दो बालकों की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

जिसनें प्रभु को अपना दिल दे दिया वह दुनिया से कभी उम्मीद नहीं करता।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# सियासत : क्या है चुनावी नतीजे का संदेश

हर चुनाव की तरह पूर्वोत्तर के चुनावों में भी भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी थी, जिसका उसे लाभ मिला। दूसरी ओर, कांग्रेस का निरंतर सफाया हो रहा है। हालांकि चुनावी नतीजे का एक संदेश यह भी है कि वहां के लोग एकरूपता के बजाय अपनी विविधता को बनाए रखना चाहते हैं।

पूर्वोत्तर भारत के तीन राज्यों– त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय में फरवरी में हुए विधानसभा चुनावों के नतीजे बहुत चौंकाते नहीं हैं, लेकिन इन नतीजों के संदेश साफ पढ़े जा सकते हैं। कहने को तो साठ–साठ सीटों वाली इन विधानसभाओं में कुल 180 विधानसभा सीटें हैं और इन्हें देश के एक छोटे से हिस्से में माना जाता है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने पूर्वोत्तर के इलाके को जो महत्व दिया है, विधानसभा चुनाव के नतीजे उसी को परिलक्षित करते हैं।

पूर्वोत्तर को महत्व देने का फायदा निश्चित रूप से भाजपा को मिला है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने लगातार पूर्वोत्तर का दौरा किया और उस क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया। प्रधानमंत्री की लुक ईस्ट पॉलिसी में भी पूर्वोत्तर रहा है। इसका मतलब है कि भाजपा के गणित में पूर्वोत्तर बहुत महत्व रखता है, क्योंकि वहां 26 लोकसभा सीटें हैं, जो बाकी भारत के मध्य आकार के एक राज्य के बराबर है।

भाजपा ने पूर्वोत्तर के चुनावों को इसलिए इतना ज्यादा महत्व दिया, क्योंकि वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यहां की 26 लोकसभा सीटें उसके लिए बहुत अहम हैं। भाजपा को इस बात का आभास है कि लोकसभा चुनाव में अन्य राज्यों में उसके खिलाफ सत्ता विरोधी रुझान होगा। लिहाजा उन राज्यों में होने वाले नुकसान की भरपाई की दृष्टि से भी पूर्वोत्तर में अपनी स्थिति मजबूत रखना उसके लिए जरूरी था। भाजपा हर चुनाव में अपनी पूरी ताकत झोंक देती है और पूर्वोत्तर के चुनाव भी इसका अपवाद नहीं थे। इसकी वजह यह है कि भाजपा ने पूर्वोत्तर को महत्वहीन नहीं माना। इन पंक्तियों की लेखिका को नगालैंड के लोगों ने भी बताया कि इतना आक्रामक चुनाव प्रचार उन्होंने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तरफ से कभी नहीं देखा था। चुनावी नतीजे में यह स्पष्ट दिखता है। तीनों राज्यों में सत्ता विरोधी रुझान के बावजूद भाजपा का अपने सहयोगी दलों के साथ सत्ता में वापस आ जाना बहुत बड़ी उपलब्धि है।

इन नतीजों का दूसरा संदेश है– कांग्रेस का सफाया। पूर्वोत्तर को दशकों से कांग्रेस का गढ़ माना जाता था। त्रिपुरा में भले ही उसे कुछ सीटें मिली हैं, जो कि सांत्वना पुरस्कार से ज्यादा कुछ नहीं है, लेकिन पूर्वोत्तर के इलाके में कांग्रेस का चुनाव में लगातार सफाया हो रहा है। सबसे हैरानी की बात है कि कांग्रेस ने इन चुनावों में कोई प्रयास भी नहीं किया। ऐसा लगता था, जैसे उसने अपने हथियार डाल दिए हैं, जबकि राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' को अच्छी प्रतिक्रिया मिली और उनकी अपनी छवि भी बहुत अच्छी बनी है। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में 'भारत जोड़ो यात्रा' की सफलता से उत्साह का संचार हुआ है। फिर भी इनमें से किसी भी जगह से कांग्रेस का चुनाव न जीत पाना उसके लिए बहुत निराशाजनक है, जबकि मेघालय में तो वह पिछली बार 21 सीटों के साथ अकेली सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। ऐसा लगता है कि इन चुनावों में कांग्रेस ने जरा भी दम–खम नहीं दिखाया। तो इन नतीजों का संदेश कांग्रेस के लिए भी है कि आप चाहे जितनी यात्राएं कर लें, लेकिन जब तक चुनाव में जीत हासिल नहीं करते, लोग आपको गंभीरता से नहीं लेंगे और अन्य राज्यों में भी आपके कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों पर इसका नकारात्मक असर पड़ेगा।

तीसरा महत्वपूर्ण संदेश है कि नगालैंड के इतिहास में आज तक एक भी महिला चुनकर विधानसभा नहीं पहुंची थीं। अब तक नगालैंड से मात्र एक महिला सांसद रानो साइजा चुनी गई थीं। वह 1977 में छठी लोकसभा में चुनकर संसद पहुंची थीं। विधानसभा चुनाव में महिलाओं के न चुने जाने को लेकर अक्सर सवाल भी उठते रहते थे, क्योंकि नगालैंड ऐसा राज्य है, जहां पुरुषों से ज्यादा महिला मतदाता हैं। नगा जीवन के हर क्षेत्र में महिलाओं की पैठ है, लेकिन राज्य की राजनीति में उनकी उपस्थिति शून्य थी। यह नगा समाज की बहुत बड़ी विडंबना थी। इस बार वहां की जनता ने चार महिला प्रत्याशियों में से दो–दीमापुर तृतीय विधानसभा से हेकानी जखालू और अंगामी सीट से सलहूतुनू क्रुसे को चुनकर विधानसभा में भेजा है और इस तरह अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के ठीक पहले इतिहास रचा है। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है।

पूर्वोत्तर सिर्फ सिर्फ भाषा और मजहब की दृष्टि से नहीं, बल्कि नस्ल को लेकर भी भारतीय विविधता का प्रतीक है। वह येलो और ब्राउन रेस का मिलन है, जो हमारे देश के लिए बहुत ही अनूठा है। भाजपा ठीक ही कहती है कि दक्षिण पूर्वी एशिया के लिए पूर्वोत्तर सेतु है, आखिर थाईलैंड और म्यांमार से तो उनके संबंध हैं ही। इसको लेकर इन नतीजों का संदेश है कि क्षेत्रीय पार्टियां अपनी पैठ बनाए रखेंगी।

नगालैंड और मेघालय में एनडीपीपी और एनपीपी ने अच्छा प्रदर्शन किया है और त्रिपुरा मे टिपरा मोथा नामक नई पार्टी का एक भावनात्मक मुद्दे को लेकर उदय इसी का संकेत है। टिपरा मोथा का भावनात्मक मुद्दा है कि वह स्वायत्त त्रिपुरा बनाना चाहती है। उनका रहन–सहन, जीने का तरीका, भाषा आदि उनकी अपनी पहचान से जुड़ा है। वे जीने का स्वायत्त तरीका चाहते हैं। तो इन प्रदेशों के नतीजों से जो संदेश मिल रहा है, वह यह है कि वे अपनी विविधता की स्वायत्त जीवन शैली का सम्मान चाहते हैं, एकरूपता नहीं चाहते। हालांकि भाजपा इन तीनों राज्यों में सत्ता में है, लेकिन शेष भारत में उसका जो एकरूपता का संदेश है, उससे यहां समस्याएं पैदा होंगी।

अंतिम लेकिन सबसे महत्वपूर्ण संदेश विपक्ष के लिए वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर है कि उसे चुनावों को गंभीरता से लेना होगा और जिस तरह से भाजपा चुनावों में अपनी सारी ताकत झोंक देती है, उसी तरह विपक्ष को एकजुट होकर अपनी ताकत लगानी पड़ेगी। विपक्ष को एकजुट हो हरेक सीट पर भाजपा के खिलाफ अपना एक संयुक्त उम्मीदवार खड़ा करना होगा, तभी वह भाजपा को हरा पाएगा। विपक्षी गठबंधन के नेतृत्व के सवाल को उन्हें चुनाव से पहले नहीं, चुनाव के बाद के लिए छोड़ देना चाहिए और एकजुट होकर लड़ाई लड़ने पर ध्यान देना चाहिए, तभी बात बन सकती है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## नवागत जिलाधिकारी सुलतानपुर जसजीत कौर द्वारा अधिकारियों से परिचय के साथ सुनी गयी जनसमस्याएं

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : नवागत जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में उपस्थित अधिकारियों से परिचय प्रात कर प्रथम जनता दर्शन में आये हुए जन सामान्य की समस्याओं व शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका समय से निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया।नवागत जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में प्राप्त प्रार्थना पत्रो को संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु प्रेषण करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें,ताकि लोगों का ज्यादा से ज्यादा भला हो सके। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) बी.प्रसाद,मुख्य




राजस्व अधिकारी शमशाद हुसैन व उप जिलाधिकारी सदर सी.पी पाठक,उप जिलाधिकारी विदुषी सिंह,उप जिलाधिकारी कहकशां अंजुम सहित जनता दर्शन में आये जन सामान्य उपस्थित रहे।

## गाजीपुर में बिना स्वीकृति 166 सड़कों पर 21 करोड़ खर्च : लेखाधिकारी समेत 20 के खिलाफ जांच शुरू

लखनऊ ब्यूरो : लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के गाजीपुर प्रांतीय खंड में 21 करोड़ रुपये का घपला सामने आया है। शासन की बिना स्वीकृति 166 सड़कों पर इस राशि का खर्च दिखाया गया है। इस मनमानी के खिलाफ सरकार ने तत्कालीन अधिशासी अभियंता, 4 सहायक अभियंताओं व 15 अवर अभियंताओं और लेखाधिकारी के खिलाफ जांच के आदेश दे दिए हैं। दोषी पाए जाने पर बर्खास्तगी तक की कार्रवाई हो सकती है। यह घपला 2019–20 और 2020–21 में किया गया। इन दो वर्षों में 38 करोड़ रुपये का फंड डायवर्जन किया गया। इसमें 21 करोड़ ऐसे कामों पर खर्च दिखाए गए हैं, जो स्वीकृत ही नहीं थे। जबकि, शेष 17 करोड़ का डायवर्जन स्वीकृत सड़कों पर बताया जा रहा है। वाराणसी के मुख्य अभियंता कार्यालय की प्रारंभिक रिपोर्ट में अनियमितता की पुष्टि हुई है और यह रिपोर्ट शासन को मिल चुकी है। सूत्रों के मुताबिक, गैर स्वीकृत सड़कों पर काम हुआ भी है या नहीं, पुख्ता तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता। यह आगे की



जांच में पता चलेगा। प्रकरण में आगे की जांच के लिए आजमगढ़ के मुख्य अभियंता को जांच अधिकारी नामित किया गया है। यहां बता दें कि इसी तरह की गंभीर वित्तीय अनियमितता बस्ती में 2018 में सामने आई थी। इसमें अब तक तत्कालीन एक्सईएन को बर्खास्त किया जा चुका है, जबकि दो सहायक अभियंताओं की बर्खास्तगी की संस्तुति उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग को भेजी जा चुकी है।

## दुर्घटना में घायल मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय के नाजिर संजय गुप्ता का निधन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय में तैनात नाजिर संजय गुप्ता की रविवार 19 फरवरी को लखनऊ रोड स्थित कॉन्सेप्ट कार के सामने नानक गंज झाला पर बंदर को बचाने के प्रयास में बाइक असंतुलित गंभीर रूप से घायल हो गए थे आज उन्होंने इलाज के दौरान लखनऊ मेडिकल कॉलेज में अंतिम सांस ली। ज्ञातव्य हो कि घायल अवस्था में उन्हें आनन–फानन जिला अस्पताल लाया गया था लेकिन उनके सिर में गंभीर चोट होने के कारण उन्हें चिकित्सकों ने लखनऊ स्थित मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था जहां उनकी हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने उनके सिर का ऑपरेशन किया था लेकिन आज उन्होंने उपचार के दौरान अंतिम सांस ली उनके निधन का समाचार मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया तथा मोहल्ले वाले भी उनकी मौत से हतप्रभ रह गए संजय गुप्ता के भाई मनीष गुप्ता ने बताया की पार्थिव शरीर लखनऊ से हरदोई लाया जा रहा है।

## उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की आलमबाग शाखा द्वारा ऋण मेला का किया गया आयोजन

मृत्युंजय प्रताप सिंह की रिपोर्ट लखनऊ : उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की आलमबाग शाखा से अमृत निक्षेप पखवाड़े के अंतर्गत दिनांक 2 मार्च 2023 को ऋण मेला का आयोजन किया गया मेले का शुभारंभ आलमबाग शाखा के समीप स्थित दामोदर इंटर कॉलेज के प्राचार्य एवं क्षेत्र के अत्यंत प्रतिष्ठित व्यक्ति भी विक्रम लाल वर्मा जी द्वारा किया गया मेले के शुभारंभ समारोह में क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ–साथ प्रभु दयाल जी बैंक के सेवा निर्मित अधिकारी उपस्थित रहे आलमबाग शाखा के शाखा प्रबंधक श्री धर्मेश त्रिपाठी एवं शाखा के नोडल अधिकारी श्री अतुल चंद्र पाठक उप महाप्रबंधक तथा शाखा के कर्मठ स्टाफ सदस्यों द्वारा ऋण मेले में सक्रिय रूप से सहभागिता करते हुए मेले में पधारे हुए अतिथियों को उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया गया मेले में 2 ग्राहकों को ऋण वितरण के साथ–साथ अनेक ग्राहकों में अतिथियों



द्वारा ऋण प्राप्त करने के लिए प्रार्थना पत्र भी दिए गए शाखा के प्रबंधक श्री धर्म त्रिपाठी द्वारा अवगत कराया गया किरण मेले में दिनांक 3 मार्च 2023 तक ऋण लेने वाले ग्राहकों को प्रोसेसिंग फीस में 50: की छूट प्रदान की जाएगी अंत में शाखा के नोडल अधिकारी द्वारा उपस्थित गणमान्य एवं सम्मानित अतिथियों को धन्यवाद किया गया।

## पतित पावनी मां गंगा मे स्नान से लोक और परलोक दोनो ही संवर जाते हैं –रुचि पाण्डेय

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। पतित पावनी मॉ गंगा के पवित्र जल मे स्नान से यह लोक और परलोक दोनो ही संवर जाते हैं गंगा स्नान सा शारीरिक और मानसिक शुद्धता का संचार होता है ।श्रीमती रूचि पाण्डेय के कहा किसत्कर्म के कारण ही गंगा मॉ के निर्मल जल मे डुबकी लगाने का सौभाग्य मिलता है । हमारे वृद्धाश्रम के प्रबन्धक डॉ. सुशील चन्द्र त्रिवेदी''मधुपेश'' जी के सानिध्य मे हम सब वृद्धाश्रम निवासी खुद को परिवार का अंग मानते है प्रबन्धकजी का आशीष और,स्नेह हमे कर्तव्य पथ चलने को प्रेरित करती हैं।वृद्धाश्रम निवासी सभी बुजुर्गो ने गंगा मेहंदी घाट तट पहुँच कर,गंगा जी स्नान कर,पूजन अर्चन किया। जोगेश्वर बाबा ने बताया प्रति बर्ष दो बार वृद्धाश्रम के सभी संवासियो को गंगा स्नान कराया,जाता है। रामकली दादी ने कहा कि हमने तो न जाने कितने वर्षो गंगा स्नान नही किया था ।आज वृद्धाश्रम से आकर गंगा



नहाने नया जीवन सा मिल गया है। गंगा स्नान के 92 बुजुर्ग तथा 16 कार्यकर्ता ओर ने गंगा स्नान किया ।

## मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध चलाया गया विशेष अभियान

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ व जिलाधिकारी महोदय के आदेश एव सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सतीश कुमार के निर्देशन में मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध एक विशेष अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत सीतापुर रोड पर राजेश कुमार दुग्धा संग्रह करता से मिश्रित दूध का नमूना, शकील से मिश्रित दूध का नमूना, बेनीगंज बाजार स्थित संतोष कुमार से रंगीन कचरी का नमूना,विष्णु किराना स्टोर से रंगीन कचरी का नमूना रामू किराना स्टोर से सौंफ का नमूना, कोथावां में गुप्ता किराना स्टोर से रंगीन कचरी का नमूना, राज किराना स्टोर से छुहारा का नमूना, संडीला स्थित आयुष किराना स्टोर से रंगीन सौंफ व सरसों के तेल का नमूना संग्रहित किया गया तथा आयुष किराना स्टोर पर लगभग 59 लीटर सरसों का तेल जिसकी कीमत रू 8850 है सीज करके विक्रेता की अभिरक्षा में दिया गया तथा 25 लीटर कालातीत खराब सरसों का तेल जिसकी कीमत रू 3750 है खराब होने के कारण नष्ट करवाया, रमाशंकर की दुकान



से रिफाइंड राइस ब्रान आयल का नमूना संग्रहित किया गया। सभी दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा व स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यवाही में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ए के पाठक के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजीत सिंह, अनुराधा कुशवाहा, खुशीराम, रामकिशोर व घनश्याम वर्मा तथा सुरक्षा कर्मी उपस्थित रहे।

## विकास कार्यों के लिए बनी कमेटी को सौंपी गई कमान : यूक्रेन से गांव की प्रधानी कर रही थी छात्रा

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : यूक्रेन में रहकर मेडिकल की पढ़ाई कर रही साण्डी ब्लॉक की ग्राम पचायत तेरवा पुरसौली की प्रधान के अधिकार सीज होने के बाद वहां विकास कार्यों के लिए कमेटी का गठन किया गया है। एसडीएम बिलग्राम की मौजूदगी में तीन सदस्यीय कमेटी बनाई गई। साण्डी ब्लाक की ग्राम पंचायत तेरवा पुरसौली की ग्राम प्रधान वैशाली यादव यूक्रेन में रहकर मेडिकल की पढ़ाई कर रही थी। पिछले साल वहां रूस के साथ लड़ाई छिड़ जाने से तमाम भारतीय वहां फंस गए थे। कुछ वापस लौट आए थे। वहां फंसे भारतीयों मे वैशाली भी शामिल थी। इसका पता होते ही प्रशासनिक अमले में खलबली मच गई। वैशाली को वापस बुलाया गया। वैशाली यूक्रेन से स्वदेश आई। उसी बीच प्रधान का इस तरह से यूक्रेन में रहने पर विकास कार्यों पर सवाल खड़े हो गए। डीएम ने सारे मामले की जांच कराई, उसके बाद ग्राम प्रधान के अधिकार सीज कर दिए। गुरुवार को एसडीएम बिलग्राम अभिषेक कुमार की मौजूदगी में सभी 13 सदस्यों की बैठक बुलाई गई।जिसमें सत्येंद्र को विकास कार्यों की कमेटी का संचालक सदस्य चुना गया, साथ ही रीना और रमेश को सह संचालक बनाया गया। इस दौरान एडीओ पंचायत रजनीकांत त्रिवेदी समेत सभी सदस्य मौजूद रहे।

## बनारस में 7.5 करोड़ रुपये की नकली दवाएं बरामद: 10वीं फेल है सरगना : हैरतअंगेज खुलासे

वाराणसी ब्यूरो : ब्रांडेड कंपनियों के नाम से नकली दवाएं खपाने वाले गिरोह का खुलासा यूपी एसटीएफ की वाराणसी इकाई ने गुरुवार को किया। गिरोह के सरगना को सिगरा क्षेत्र की चर्च कॉलोनी से गिरफ्तार किया गया। निशानदेही पर ही एसटीएफ ने सिगरा और लहरतारा स्थित उसके गोदाम से 300 पेटी नकली दवाएं बरामद की हैं। इसकी अनुमानित कीमत 7.5 करोड़ रुपये बताई गई है। आरोपी की पहचान बुलंदशहर जिले के सिकंदराबाद स्थित टीचर्स कॉलोनी निवासी अशोक कुमार के रूप में हुई है। इसके खिलाफ सिगरा थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी पर गैंगस्टर एक्ट और रासुका की भी कार्रवाई होगी। इस मामले में 15 अन्य आरोपियों की तलाश में छापे मारे जा रहे हैं। नामी कंपनियों के नाम की नकली दवाएं बेचने के आरोप में गिरफ्तार सरगना अशोक कुमार हाईस्कूल फेल है। उसने पूछताछ में कई राज उगले हैं। अशोक बुलंदशहर में गद्दा बनाने वाली फैक्ट्री में मजदूरी करता था। सात वर्ष तक ऑटो रिक्शा भी चला चुका है। लेकिन, नकली दवाओं की आपूर्ति में मोटा मुनाफा देखकर पूर्वांचल आ गया। एसटीएफ के एडिशनल एसपी ने बताया कि अशोक कुमार ने बुलंदशहर के सिकंदराबाद स्थित किसान इंटर कॉलेज में दाखिला लिया था। वर्ष 1987 में हाईस्कूल की परीक्षा दी थी, लेकिन फेल हो गया था। वर्ष 2003 से 2010 के ऑटो चलाता रहा, फिर गद्दा बनाने की फैक्ट्री में 12 हजार रुपये प्रतिमाह पर मजदूरी करने लगा। लापरवाही पर काम से हटा दिया गया तो वह फिर ऑटो चलाने लगा। इसी दौरान उसकी मुलाकात बुलंदशहर के नीरज से हुई। नीरज नकली दवाओं का काम करता था। नीरज के यहां ही वह माल ढुलाई करने लगा। वहीं उसे नकली दवाओं के कारोबार की जानकारी हुई। इसके बाद नीरज से ही नकली दवाओं को खरीद कर झोलाछाप को बेचने



लगा। नीरज की नकली दवाएं वर्ष 2019 में अमरोहा में पकड़ी गईं थीं। प्रकरण को लेकर विवाद बढ़ा तो अशोक कुमार ने उसका साथ छोड़ दिया। एसटीएफ के मुताबिक, अशोक तीन वर्ष पहले ही वाराणसी आया और कैंट रोडवेज बस स्टेशन के पीछे की चर्च कॉलोनी में किराये पर कमरा ले लिया। इसके बाद उसने हिमाचल प्रदेश के उन लोगों से संपर्क किया, जिनसे कि बुलंदशहर का नीरज नकली दवाएं खरीदता था। दवाएं मंगाकर बसों में सामान रखने वाले कुलियों के माध्यम से उन्हें प्रदेश के अलग–अलग जिलों और अन्य राज्यों में भेजता था। नकली दवाओं की आपूर्ति से उसे तगड़ा मुनाफा होता था। जिस नकली दवा पर कीमत 100 रुपये दर्ज है, वह उसे हिमाचल प्रदेश से 30 रुपये में मिलती थी। उसे वाराणसी तक लाने पर लगभग 10 रुपये खर्च होते थे। इन दवाओं पर 35 से 40 रुपये की बचत हो जाती थी। ओडिशा के बरागढ़ और झाड़सूकड़ा जिले में नकली दवाइयों की भारी खेप पकड़ी गई थी। आरोपियों ने पूछताछ में बताया था कि बरामद नकली दवाइयां वाराणसी से भेजी गई हैं। इसी आधार पर एसटीएफ की वाराणसी इकाई और खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन विभाग ने जानकारी हासिल की। अशोक के बारे में पुख्ता जानकारी मिलने के बाद ही उसके कमरे और गोदामों पर छापा मार कर नकली दवाएं बरामद की गईं। सिगरा इंस्पेक्टर राजू सिंह ने कहा कि आम आदमी के सेहत से जानबूझकर खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कोर्ट में प्रभावी तरीके से पैरवी कर उन्हें कड़ी सजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

## गैंगस्टर शाहजमां के खिलाफ हत्या की धमकी देने के मामले में एफआईआर : हाल ही में जेल से आया था बाहर

आजमगढ़ ब्यूरो : आजमगढ़ में बरदह थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर व गैंगस्टर शाहजमां उर्फ नैयर समेत चार लोगों के खिलाफ स्थानीय थाने में हत्या की धमकी देने के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई गई है। शाहजमा नैयर काफी दिनों से जेल में था हाल ही में वह जेल से बाहर आया था। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि बरदह थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर फेटी ग्राम निवासी शाहजमां उर्फ नैयर और उसी गांव के अकमल में कभी गहरी दोस्ती थी। लेकिन बीते पंचायत चुनाव में दोनों के बीच अदावत हो गई। दोनों के खिलाफ बरदह थाने में कई संगीन मामले दर्ज हैं। इन दिनों दोनों पक्ष जमानत पर रिहा होने के बाद खुलेआम घूम रहे हैं। बृहस्पतिवार




को अकमल ने विपक्षी शाहजमां उर्फ नैयर फेटी सहित चार लोगों के खिलाफ हत्या की धमकी देने का मामला दर्ज कराया गया है। एसपी ने बताया कि शीघ्र ही इस मामले में आरोपित लोगों की गिरफ्तारी की जाएगी। फिलहाल पुलिस को इस मामले में आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

## जनपद जौनपुर के विकास भवन में लिफ्ट लगाये जाने हेतु द्वितीय किश्त की वित्तीय स्वीकृति की गयी प्रदान

जौनपुर सू.वि. : उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनपद जौनपुर के विकास भवन में लिफ्ट लगाए जाने हेतु रुपया 12.50 लाख की अवशेष/द्वितीय किस्त की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस संबंध में आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। गौरतलब है कि जनपद जौनपुर के विकास भवन में लिफ्ट लगाये जाने हेतु लोक निर्माण विभाग के विद्युत/यांत्रिक खण्ड, आजमगढ़ द्वारा लिफ्ट लगाये जाने के कार्य हेतु धनराशि 24.14 लाख एवं लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खण्ड– जौनपुर द्वारा लिफ्ट के मशीन रूम में सिविल कार्य हेतु धनराशि रू० 1.36 लाख अर्थात् कुल आंकलित लागत रू0 25.50 लाख (रुपये पचीस लाख पचास हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत करते हुए वर्ष 2021–22 में रू० 12.75 लाख (रुपये बारह लाख पचहत्तर हजार मात्र) की धनराशि अवमुक्त की गयी थी । परियोजना हेतु अवमुक्त की गयी धनराशि के उपयोगिता प्रमाण–पत्र एवं अन्य संगत अभिलेखों के प्राप्त होने के फलस्वरूप चालू वित्तीय वर्ष 2022– 23 में जनपद जौनपुर के विकास भवन में लिफ्ट लगाये जाने हेतु द्वितीय/अन्तिम किश्त के रूप धनराशि रू० 12.75 लाख (रूपये बारह लाख पचहत्तर हजार मात्र) की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

## गैस सिलेंडर के बढ़े दामों को लेकर आम आदमी पार्टी ने किया विरोध प्रदर्शन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गैस सिलेंडर के बढ़ते दाम के विरोध में आम आदमी पार्टी द्वारा शुक्रवार को जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना के नेतृत्व में गैस के बढ़े हुए दाम को लेकर खाली सिलेंडर उसके ऊपर लकड़ी और कच्चा चूल्हा बनाकर गुजिया तल के विरोध प्रदर्शन किया। पुतला जलाने की कोशिश भी किए जिसके दौरान पुलिस वालों से हुई नोकझोंक भी हुई इस दौरान जिलाध्यक्ष को हल्की चोट भी लग गयी। कार्यक्रम का नेतृत्व महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अनीता मिश्रा एवं जिला उपाध्यक्ष वंदना मिश्रा द्वारा किया गया। जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह ने कहा कि केंद्र मे बैठी भाजपा की सरकार ने बढ़ती मंहगाई के साथ अब दुबारा गैस सिलेंडर के दामों में रु.50 की बढ़ोतरी किए मोदी सरकार के वादाखिलाफी के खिलाफ आज सभी जिलों मैं हमारी मां के द्वारा प्रदर्शन किया जा रहा है और यह मां की जा रही है कि महंगाई पर रोक लगाई जाए और गैस सिलेंडर के बढ़े दामों को रोका जाए। महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अनीता मिश्रा ने कहा कि जब से भाजपा सरकार आई है कहीं से महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है जिससे देश की जनता बहुत परेशान हो चुकी है। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष वंदना मिश्रा ने कहा कि बढ़ती मंहगाई बहुत चिंता का विषय है क्योंकि जिस तरह लगातार हर चीज महंगा होता जा रहा है उससे देश की गरीब जनता बेहाल हो रही है। व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव हींच नारायण तिवारी ने कहा कि अभी तो भाजपा सरकार ने अभी तो गैस सिलेंडर में सिर्फ 50 बढ़ोतरी की है लेकीन अभी आने वाले समय में सिलेंडर इससे भी दुगना महंगा कर सकती



है। इस प्रदर्शन में प्रमुख रूप से शामिल हुए महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अनीता मिश्रा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष वंदना मिश्रा, व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव हिंच नारायण तिवारी, सदर विधानसभा अध्यक्ष इसरावती बिंद, केराकत विधानसभ अध्यक्ष पंकज चौहान, जिला मीडिया प्रभारी अतुल कुमार तिवारी, जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव, विधि प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, जिला सचिव विद्याधर मिश्रा, पंचायत प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मनीष सिंह, जिला सोशल मीडिया प्रभारी दिलीप सिंह, जिला कोषाध्यक्ष डॉ. दिवाकर मौर्य, पूर्व नगर अध्यक्ष बंटी अग्रहरी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ इसरार अहमद, राजेश विश्वकर्मा, इस्लाम खान, जिला अध्यक्ष अमित विश्वकर्मा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष इसरार अहमद, राज बहादुर पाल, गुप्ता इत्यादि लोग शामिल हुए।उक्त कार्यक्रम की सूचना पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी अतुल कुमार तिवारी द्वारा दिया गया ।

## पुलिस अधीक्षक जौनपुर की अभ्यस्त अपराधियों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही : 17 अपराधियों की खोली गई हिस्ट्रीशीट

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : डा0 अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में जनपद में घटित अपराधों के अनावरण,अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पूर्व में पेशेवर अपराधियों की गतिविधियों पर निगरानी हेतु उनकी हिस्ट्रीशीट खोली गई है, जिससे इन अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। आज दिनांक–03.03.2023 को चोर, हत्यारा, लूटेरा, शराब तस्कर, अपहरण, हत्या, गौकशी से सम्बन्धित जनपद जौनपुर के थाना सिकरारा, बरसठी, मुंगराबादशाहपुर, सुजानगंज, सरायख्वाजा, नेवढ़ियां, खेतासराय, जफराबाद, खुटहन के 17 शातिर अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोली गई है। जिनका विवरण निम्नवत है– 1.सुखराम निषाद पुत्र राजेश निषाद उर्फ जोखन निवासी मोहिउद्दीनपुर थाना जफराबाद जौनपुर। 2.राजेश निषाद उर्फ जोखन पुत्र भुल्लन निषाद निवासी मोहिउद्दीनपुर थाना जफराबाद जौनपुर। 3.गौरव निशांत पुत्र राजेश निषाद उर्फ जोखन निषाद निवासी मोहिउद्दीनपुर थाना जफराबाद जौनपुर। 4.दिलीप मिश्रा पुत्र रामयश मिश्रा निवासी सोहासा थाना मुंगराबादशाहपुर जौनपुर। 5. रमाकांत यादव पुत्र शिवबहादुर उर्फ छोटेलाल निवासी चकमुबारकपुर थाना मछलीशहर जौनपुर। 6.सुजीत विश्वकर्मा पुत्र दीनानाथ विश्वकर्मा निवासी कोढा थाना मछली शहर जौनपुर। 7.बृजेश यादव उर्फ बिरजू पुत्र योगेंद्र यादव निवासी सरायख्वाजा थाना सरायख्वाजा जौनपुर। 8.अरविंद पटेल पुत्र सुरेश पटेल निवासी आदिपुर थाना नेवढ़िया जौनपुर। 9.इरफान पुत्र मुस्लिम निवासी सुम्बुलपुर थाना खेतासराय जौनपुर। 10.अभिषेक यादव उर्फ लोरी पुत्र सुरेंद्र प्रताप यादव निवासी कोवटली थाना सुजानगंज जौनपुर। 11.मोहित तिवारी पुत्र शिव शंकर तिवारी निवासी चौजीतपुर थाना सुजानगंज जौनपुर। 12.सुखराम निषाद पुत्र राजेश निषाद उर्फ जोखन निवासी मोहिउद्दीनपुर थाना जफराबाद जौनपुर। 13.दानिश कुरैशी पुत्र इलियास कुरैशी निवासी धमौर खास थाना खुटहन जौनपुर। 14.विजेंद्र सिंह उर्फ विक्की पुत्र विनोद कुमार सिंह निवासी भन्नौर



मरकहिया थाना बरसाठी जौनपुर। 15. रौनक सिंह पुत्र मुकेश कुमार सिंह उर्फ डब्बू सिंह निवासी महमूदपुर थाना बरसाठी जौनपुर। 16. अमर सिंह उर्फ छोटू पुत्र स्वर्गीय शिव सिंह निवासी भूआकला थाना सिकरारा जौनपुर। 17.दीपक सिंह उर्फ टीटू पुत्र स्वर्गीय देवी प्रसाद सिंह निवासी भूआकला थाना सिकरारा जौनपुर। नोट– जिनकी एक बार हिस्ट्रीशीट खुल जाती है वह आजीवन रहती है। पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारी को अपने–अपने थाना क्षेत्र के शातिर अपराधियों के अपराध का विश्लेषण कर उनके कृत्यो पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु हिस्ट्रीशीट खोलने हेतु निर्देशित किया गया है।

### मादक पदार्थों की बिक्री 08 मार्च 2023 सायं 04 बजे तक बन्द रहेगा –डीएम जौनपुर

जौनपुर सू.वि. : जिला मजिस्ट्रेट ने अवगत कराया है कि संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम–1910 की धारा–59 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों एवं अधिकारों का प्रयोग करते हुए




कानून–व्यवस्था एवं लोक शान्ति बनाये रखने के निमित्त जनपद जौनपुर की समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, माडल शाप, भांग, ताड़ी, एफ0एल0–2, 2बी, सी0एल0–2 एवं बार आदि मादक पदार्थों के अनुज्ञापनों को 08 मार्च 2023 को सायं 04.00 बजे तक बन्द रखने का आदेश देता हूँ। इस प्रकार दुकानों को बन्द रखने के लिए संबंधित अनुज्ञापियों को कोई प्रतिफल देय नही होगा।

## निकाय चुनाव : मेयर व अध्यक्ष की सीटों का अब नए सिरे से होगा आरक्षण

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश सरकार आगामी नगर निकाय चुनाव को देखते हुए नगर निगम और पालिका परिषद अधिनियम में संशोधन करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए नगर विकास विभाग प्रस्ताव तैयार कर रहा है, जिसे




जल्द ही कैबिनेट में रखा जाएगा। संशोधन में निकाय चुनाव में सीटों का आरक्षण ट्रिपल टेस्ट के आधार पर करने का प्रावधान शामिल किया जाएगा। ऐसा होने पर मेयर और अध्यक्ष की सीटों का आरक्षण पूरी तरह से बदल जाएगा। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2010 में ट्रिपल टेस्ट के आधार पर सीटों के आरक्षण की व्यवस्था दी थी। उत्तर प्रदेश में इसके बाद वर्ष 2012 और 2017 में पुरानी व्यवस्था के आधार पर ही निकाय चुनाव हुए थे। अब ट्रिपल टेस्ट की व्यवस्था को अधिनियम में शामिल करने की तैयारी चल रही है। इसके लागू होने पर इस साल चुनाव के लिए नगर विकास विभाग द्वारा जारी दोनों आरक्षण को शून्य मान लिया जाएगा। इस वर्ष होने वाले चुनाव के लिए सुप्रीम कोर्ट के दिशा–निर्देश के आधार पर पिछड़ों के लिए हिस्सेदारी तय करते हुए सीटों का आरक्षण किया जाएगा, जिससे भविष्य में होने वाले चुनावों को इसके आधार पर ही कराया जाए। उधर उप्र राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग ने प्रदेश के सभी 75 जिलों का सर्वे करते हुए रिपोर्ट तैयार कर ली है। जल्द ही यह रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपी जाएगी। इसके बाद इस रिपोर्ट के आधार पर पिछड़ों की हिस्सेदारी तय की जाएगी। आरक्षण करने से पहले नगर विकास विभाग आयोग की रिपोर्ट के संबंध में सुप्रीम कोर्ट को अवगत कराएगा। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को 31 मार्च तक का समय दिया है। सूत्रों का कहना है कि आयोग की रिपोर्ट आने के बाद राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट जाएगी और इसकी जानकारी देते हुए चुनाव कराने की अनुमति मांगेगी। सुप्रीम कोर्ट से अनुमति मिलने के तुरंत बाद यूपी में निकाय चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। वहीं सरकार की भी यही चाहती है कि अप्रैल तक निकाय चुनाव करा लिए जाएं।

### रोडवेज बसों के अनियमितता पर अपराध निरोधक कमेटी अध्यक्ष ने एआरएम जौनपुर से किया शिकायत

जौनपुर क्राईम ब्यूरो धनंजय विश्वकर्मा : रोडवेज बसों का गौराबादशाहपुर कस्बे में बरसों से चल रहे अनियमित संचालन के दृष्टिगत बार–बार शिकायत करने के बावजूद भी नियमित रूप से बसों के संचालन न होने से बढ़ रही यात्रियों में असुविधा को देखते हुए अपराध निरोधक कमेटी अध्यक्ष



डॉ0जयसिंह राजपूत एवं रमेश सिंह एआरएम जौनपुर के मध्य विस्तृत वार्ता की गई, जिसके दौरान उन्होंने एआरएम वाराणसी का मोबाइल नंबर देते हुए अवगत कराया कि ,हमारे यहां कोई ऐसा अधिकारी अधिकृत नहीं किया गया है कि, जिससे इनकी चेकिंग कर इनको दंडित कर सके, क्योंकि जो हमारे डिपो की बसें हैं उनसे तो मैं बोल दिया हूं कस्बे से ही होकर जाना है, मगर अन्य डिपो की जो बसे हैं वह मनमानी करने पर आतुर हैं,अतःआप एआरएम वाराणसी से बात कर टीआई द्वारा जांच कराने का प्रस्ताव रखें तभी जाकर इस समाधान का समाधान हो सकता है ,क्योंकि हम लोग कईयों बार शिकायत मिलने पर इनके ऊपर पेनाल्टी लगा चुके हैं,मगर इनके रवैया में कोई परिवर्तन नहीं होता है।

## देवरिया में खेलते समय पोखरी में गिरा मासूम : डूबने से हुई मौत

देवरिया ब्यूरो : देवरिया जनपद के सुरौली थाना क्षेत्र के सरौरा गांव के बगल के पोखरी में गुरुवार शाम एक बच्चा खेलते समय गिरकर डूब गया और उसकी मौत हो गई। शव को ग्रामीणों ने ढूंढ कर पोखरी से बाहर



निकाला। घटना के बाद परिवार और गांव में कोहराम मच गया। सरौरा गांव निवासी कार्तिक (6) पुत्र प्रमोद चौहान कक्षा एक का छात्र था। वह गुरुवार की शाम को घर से बाहर खेलने के लिए निकला और देर शाम तक घर लौटा। परेशान परिजनों ने अगल–बगल उसे ढूंढना शुरू किया, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। उसके बाद गांव के बगल की पोखरी में ग्रामीणों ने ढूंढना शुरू किया तो पानी में धंसा मिला। उसको निकालने के बाद परिजनों ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां देर रात डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार, पोखरी की खुदाई एक साल पहले हुई थी जो काफी गहरा है, खेलते समय वह गहरे पानी में गिर गया। वह दो भाइयों में छोटा था, बड़ा भाई हर्ष (9) है। मां ममता देवी रो–रोकर बेहोश हो जा रही हैं। थानाध्यक्ष सुरौली दिलीप सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी परिजन ने नहीं दी है। छोटे बच्चों का खेलते समय ध्यान रखा जाना चाहिए।

## हार के कारणों का पता लगाकर जीत की राह बनाएगी भाजपा : चुनाव प्रबंधन का रोडमैप तैयार

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश में विपक्ष के कब्जे वाली 14 लोकसभा सीटों पर 2019 में मिली हार के कारणों का मंथन कर भाजपा इन सीटों पर 2024 में जीत की रणनीति तैयार करेगी। चुनाव जीतने के लिए भाजपा एक ओर जहां दलित और पिछड़े वोट बैंक को साधेगी वहीं क्षेत्र में चुनावी रणनीति को धरातल पर उतारने के लिए प्रदेश सरकार के पूर्व व वर्तमान मंत्रियों के साथ अनुभवी नेताओं की भारी भरकम टीम तैनात की जाएगी। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में बृहस्पतिवार को आयोजित लोकसभा प्रभारियों, संयोजक और विस्तारकों की बैठक आयोजित हुई। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल और 14 सीटों के प्रभारी एवं राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल ने हारी हुई सीटों पर जीत की तैयारी के लिए चुनावी तैयारी का रोडमैप तैयार किया। पार्टी कमल निशान और फिर एक बार मोदी सरकार के नारे से सहारे चुनाव मैदान में उतरेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह की मौजूदगी में आयोजित बैठक में सुनील बंसल ने कहा कि 2019 में 14 सीटों पर चुनाव क्यों हारे थे इसका मंथन किया जाएगा। चुनाव में हार के राजनीतिक और सामाजिक कारण तलाशे जाएंगे। हारने के कारण बनाम जीतने की रणनीति के आधार पर चुनाव की योजना बनानी है। उन्होंने कहा कि 14 लोकसभा क्षेत्रों में स्थित 70 विधानसभा क्षेत्रों में होली के बाद एक एक पूर्णकालिक विस्तारक भेजे जाएंगे। उन्होंने कहा कि हर स्तर पर यह बात करनी है कि जीत के लिए क्या करना है, ऐसा क्या किया जाए जिससे चुनाव में लाभ हो। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में यदि प्रदेश या केंद्र सरकार से किसी कार्य विशेष की आवश्यकता है तो प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को अवगत कराएं। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य ने किया। चौतरफा चुनावी रणनीति बनेगी 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव जीतने के लिए चौतरफा रणनीति बनाई जाएगी। पहले चरण में क्षेत्र में पार्टी के कार्यकर्ताओं की सूची तैयार कर उन्हें सक्रिय किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वयं संघ से जुड़े सभी संगठनों के कार्यकर्ताओं की सूची तैयार की जाएगी। विधानसभा क्षेत्रवार केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों (की वोटर्स) की सूची तैयार कर उनसे लगातार संपर्क व संवाद किया जाएगा। ऐसे पूर्व पदाधिकारी जो अभी निष्क्रिय हैं उनसे संपर्क कर उन्हें सक्रिय किया जाएगा। धार्मिक और सामाजिक संगठनों की सूची तैयार कर उन्हें भी सक्रिय किया जाएगा। प्रदेश सरकार के मंत्रियों के भी इन क्षेत्रों में प्रवास कराए जाएंगे। 20–20 अनुभवी नेताओं की टीम से सजाएंगे मैदान प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में करीब बीस से अधिक दिग्गज नेताओं की टीम तैनात की जाएगी। केंद्र सरकार के मंत्री, क्लस्टर प्रभारी, लोकसभा प्रभारी, लोकसभा संयोजक, विस्तारक पहली तैनात कर दिए हैं। अब प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा विस्तारक, विधानसभा प्रभारी, विधानसभा संयोजक तैनात किए जाएंगे।

## गंदगी रखने पर शराब के ठेकेदार को जारी होगी नोटिस : अफसरों ने देशी और विदेशी शराब के ठेकों को खंगाला

रिपोर्ट जनार्दन श्रीवास्तव पाली–(हरदोई) : होली की हुड़दंग को रोकने के लिए अफसरों ने कसरत और तेज कर दी है। अफसरों की टीम ने कस्बे के शराब ठेकों को खंगाला। इस दौरान देशी शराब के ठेके पर गंदगी देख कर सवायजपुर एसडीएम अभिषेक कुमार सिंह का पारा चढ़ गया। इस पर आबकारी इंस्पेक्टर जितेन्द्र प्रताप सिंह ने ठेकेदार को नोटिस जारी करने की बात कही है। सवायजपुर एसडीएम अभिषेक कुमार सिंह, शाहाबाद क्षेत्राधिकारी हेमंत उपाध्याय, आबकारी इंस्पेक्टर जितेन्द्र प्रताप सिंह ने शुक्रवार को एसएचओ पाली राजकुमार पाण्डेय के साथ देशी और विदेशी शराब के ठेकों पर पहुंच कर वहां छानबीन की। इस दौरान अफसरों की टीम बस अड्डे पर देशी शराब के ठेके पर पहुंची, वहां बेतहाशा गंदगी को देख कर एसडीएम का पारा चढ़ गया। उन्होंने ऐसी व्यवस्था पर नाराजगी जाहिर की। इस बीच वहां मौजूद आबकारी इंस्पेक्टर जितेन्द्र प्रताप सिंह ने शराब ठेकेदार को नोटिस जारी करने की बात कही।



एसडीएम ने कहा कि होली पर होने वाली बंदी का पूरा ध्यान रखा जाये। अगर कहीं से कोई गड़बड़ी मिली तो सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने होली को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की बात कही। पाली थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पाण्डेय से कहा कि गश्त के दौरान शराब के ठेकों की कड़ी निगरानी की जाये।

## पति की हत्या के बाद 50 फीट ऊंचे पेड़ पर चढ़ी महिला

सोनभद्र ब्यूरो : सोनभद्र में थाना क्षेत्र के परसाटोला गांव में बुधवार की रात पत्नी ने अपने पति की धारदार कुल्हाड़ी से वार कर मौत के घाट उतार दिया था। पति की हत्या करने के बाद वह घर से फरार हो गई थी। शुक्रवार की सुबह गले में नायलॉन की रस्सी बांधकर वह घर से करीब तीन सौ मीटर दूर नाले के किनारे एक कहुआ के पेड़ पर करीब 50 फीट ऊपर चढ़ गई। सुबह जब लोग नाले के तरफ गये तो महिला को पेड़ पर देखकर हल्ला मचाया। शोर सुनकर आस पास के सैकड़ों लोग इकट्ठा हो गये। लोगों ने महिला को पेड़ से नीचे उतरने को कहा लेकिन वह नीचे नहीं उतरी। उसका कहना था कि मैंने पति को मार दिया, अब खुद भी जान दे दूंगी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना बभनी पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक आर एस शर्मा, हेड कांस्टेबल भरत यादव भईया लाल, महिला कांस्टेबल रंजना सभी लोग मौके पर पहुंच गये। महिला सोनामती को नीचे उतरने को कहा गया लेकिन वह बोली मुझे अब बच्चों तथा किसी से कोई मतलब नही है,मै फांसी लगाकर जान दे दूंगी। पेड़ की ऊंचाई बहुत होने की वजह से उपर चढ़ने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे। किसी प्रकार से महिला को बहला फुसलाया गया तो 20 फीट



तक नीचे आई। फिर वह ऊपर चढ़ने लगी। इतने में भरत और भईया दिवान तथा गांव का पूरन पेड़ पर चढकर महिला को पकड़ लिया और उसके गले से रस्सी को निकाल कर नीचे उतारा। दोनों हेड कांस्टेबल की हिम्मत ने महिला को खुदकुशी करने से बचा लिया।महिला ने कहा कि गांव के कुछ लोग मेरे पति जय प्रकाश को शराब पिला कर मुझे प्रताड़ित करवाते थे। इसके वजह से मैंने पति की हत्या कर दी। प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह ने बताया कि महिला के निशान देही पर धारदार हथियार को भी बरामद कर लिया गया है।

## महराजगंज में दीवार के नीचे दबकर मजदूर की मौत

महराजगंज ब्यूरो : महराजगंज जिले में निचलौल थाना क्षेत्र के लेदी गांव में शुक्रवार सुबह दीवार के नीचे दबने से एक मजदूर घायल हो गया। परिजन ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल में भर्ती कराए। चिकित्सकों ने घायल मजदूर की जांच कर मृत घोषित कर दिया। मजदूर की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक, कुशीनगर जिले के बसडीला निवासी भीम मुसहर (35) की निचलौल थाना क्षेत्र के लेदी गांव में ससुराल है। वह पत्नी और बच्चों के साथ रहते थे। घर से कुछ दूर गांव में ही एक मकान निर्माण का कार्य चल रहा था। भीम शुक्रवार सुबह खाना खाने के बाद मजदूरी करने पहुंचे थे। इसी बीच भीम के ऊपर अचानक जर्जर मकान की दीवार गिर गई। जिसके नीचे दबने भीम मुसहर की मौत हो गई। भीम के मौत की सूचना मिलते ही पत्नी शिवराती देवी और एकलौते बच्चे उत्तम (7) का रो रोकर बुरा हाल हो गया। प्रभारी निरीक्षक आंनद कुमार गुप्ता ने कहा कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। मृत साली के तीन बच्चों की भी परवरिश करते थे भीम पति के मौत पर सीएचसी परिसर में बिलखती पत्नी शिवराती देवी ने बताया कि



बड़ी बहन सोनी की शादी भेड़हारी गांव में हुई थी। बहन के तीन बच्चे भोलू (12), झिनक (10) और संतरा (8) छोटे थे। तभी बहन सोनी की बीमारी से मौत हो गई। उसके बाद बहन के पति ने दूसरी शादी कर बहन के तीनों बच्चों को अपने पास से हटा दिया। जिसके बाद पति अपने पास तीनों बच्चों को रखकर देखभाल करते थे।

# माफिया अतीक के नजदीकी 12 सहयोगियों की 20 संपत्ति होगी जब्त :सूची बनकर तैयार

प्रयागराज ब्यूरो : अतीक के 12 मददगारों के खिलाफ भी कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी गई है। जिला प्रशासन ने इनकी सूची तैयार करने के साथ 20 संपत्तियां भी चिह्नित की हैं। इनके खिलाफ ध्वस्तीकरण के साथ जब्तीकरण की कार्रवाई भी की जाएगी। उमेश पाल हत्याकांड के बाद जिला प्रशाासन की ओर से अतीक अहमद की पीछे से रहकर हर तरह की मदद करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की तैयारी की गई है। जमीन तथा दूसरे धंधे में अतीक के सहयोगी रहे अन्य लोगों पर भी प्रशासन की नजर है। ऐसे 12 लोगों की सूची तैयार भी कर ली गई है। साथ ही गलत तरीके से बनाई गई 20 संपत्तियों की सूची भी तैयार कर ली गई है। इनमें से ज्यादातर पर निर्माण हो चुका है। इनके आपराधिक रिकार्ड भी खंगाले जा रहे हैं। डीएम संजय कुमार खत्री का कहना है कि इन्होंने अवैध तरीके से निर्माण कराए हैं, जिसे ध्वस्त किया जाएगा। यहां गौर करने वाली बात यह भी है कि इन्होंने सरकारी जमीन पर भी निर्माण करा लिए हैं। ऐसी जमीन जब्त की जाएगी। डीएम का कहना है कि गलत तरीके से बनाई गई जमीन जब्त भी की जाएगी। जरूरी प्रक्रिया पूरी कर जल्द कार्रवाई की जाएगी। एलआईयू, ईडी समेत अन्य एजेंसियों की ली जाएगी मदद अतीक के मददगारों एवं करीबी लोगों के खिलाफ कार्रवाई से पहले प्रशासन किसी तरह की चूक नहीं करना चाहता। इसलिए उनके आपराधिक रिकार्ड तो खंगाले ही जा रहे हैं, उन्होंने पैसा



कहां से कमाया इसका भी विवरण तैयार किया जा रहा है। इसके लिए एलआईयू, ईडी समेत अन्य एजेंसियों की भी मदद ली जा रही है। पूर्व में भी तैयार हुई थी सूची लेकिन नहीं हुई कार्रवाई, उठे सवाल अतीक के करीबियों एवं भूमाफिया की पूर्व में भी सूची तैयार हुई थी। कई भूमाफिया ने झलवा, मुंडेरा तथा आसपास के क्षेत्रों में सरकारी जमीन पर भी प्लाटिंग कर दी है। प्रशासन ने इसकी भी सूची तैयार की है लेकिन एक–दो के खिलाफ ही कार्रवाई हुई। इसे लेकर भी सवाल उठ रहे हैं कि प्रशासन ऐसे लोगों को मौका ही क्यों देता है। इसके अलावा भूमाफिया के खिलाफ सतत कार्रवाई क्यों नहीं की जाती।

# हरियाणा के सीएम का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने वाले पांच गिरफ्तार : चार आजमगढ़ के निवासी

सोनभद्र ब्यूरो : हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में से एक स्वास्थ्य विभाग का संविदा कर्मी भी है। पूछताछ में उन्होंने वाट्सएप के माध्यम से उनके पास प्रमाण पत्र बनाने के लिए नाम–पता भेजे जाने की जानकारी दी। पुलिस उस वाट्सएप नंबर को भी ट्रेस करने में जुटी है। पकड़े गए पांचों आरोपियों को विभिन्न धाराओं में जेल भेज दिया।पुलिस लाइंस में एएसपी टीएन त्रिपाठी ने मीडिया को बताया कि दस फरवरी को सीएमओ कार्यालय के जन्म–मृत्यु अनुभाग में डाटा प्रोसेसिंग असिस्टेंट मनोज कुमार ने दस फरवरी को तहरीर देकर सदर कोतवाली में केस दर्ज कराया था। उनका कहना था कि मनोहर लाल पुत्र हरवंश लाल के नाम से दो फरवरी को मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया गया है, जो पूरी तरह फर्जी है। पुलिस ने धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर छानबीन शुरू की।एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने एएसपी नक्सल व सीओ सदर डॉ. चारु द्विवेदी के निर्देशन में तीन टीमें गठित की। गुरुवार को पन्नूगंज थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह, सर्विलांस प्रभारी साजिद सिद्दीकी, लोढ़ी चौकी प्रभारी सरोजमा सिंह, लखनऊ में एसओजी प्रभारी शेषनाथ पाल और करमा थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने मुखबिर की सूचन पर कई स्थानों पर दबिश देकर फर्जी प्रमाण पत्र जारी करने में शामिल पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आजमगढ़ जिले के शहर कोतवाली क्षेत्र के हरैया निवासी



प्रशांत मौर्या पुत्र रामरतन मौर्या, मोनू शर्मा उर्फ शिवानंद शर्मा पुत्र उग्रनाथ शर्मा निवासी हरैया, पोस्ट भवरनाथ, थाना कोतवाली शहर, आजमगढ़, अंसार अहमद पुत्र स्व. कमरूद्दीन अंसारी निवासी मेहनगर बाजार, आजमगढ़, मो. कैफ अंसारी पुत्र अली हुसैन निवासी ग्राम गौरा, थाना मेहनगर, जनपद आजमगढ़ और यशवंत पुत्र बदन सिंह निवासी रिवाडी, थाना सकिट, जनपद एटा (जन्म मृत्यु आंकड़ा अनुभाग में स्टेट कोऑर्डिनेटर के पद पर संविदा कर्मी) ने फर्जी प्रमाण पत्र जारी होने की बात स्वीकार की। आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त 04 लैपटाप और 07 मोबाइल फोन बरामद हुआ है। आरोपियों को पकड़ने में दारोगा संजीव कुमार राय, मुख्य आरक्षी जगदीश मौर्या, मुख्य आरक्षी अतुल सिंह, मुख्य आरक्षी सौरभ कुमार राय, मुख्य आरक्षी प्रकाश सिंह, आरक्षी अमित सिंह, आरक्षी रितेश सिंह पटेल, आरक्षी अजीत यादव का अहम योगदान रहा।

# केंद्रीय मंत्री बालियान समेत ये दिग्गज नेता कोर्ट में हुए पेश : अब 14 मार्च को होगी सुनवाई

मुजफ्फरनगर ब्यूरो : मुजफ्फरनगर में कवाल कांड के बाद नंगला मंदौड़ पंचायत में शामिल होने पर आचार संहिता उल्लंघन और सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान, पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक और बुढ़ाना के पूर्व विधायक उमेश मलिक कोर्ट में पेश हुए। सिविल जज सीनियर डिवीजन विशेष एमपी/एमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। आरोपों पर अदालती बहस के लिए 14 मार्च की तिथि नियत की गई है। कवाल गांव में ममेरे और फुफेरे भाई गौरव व सचिन की हत्या के बाद 31 अगस्त को नंगला मंदौड़ में पंचायत बुलाई, जिसमें आसपास के जिलों से भी लोग शामिल हुए थे। एसडीएम जानसठ ने धारा 144 के उल्लंघन और तत्कालीन एसओ सिखेड़ा ने सरकारी कार्य में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस 14 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर



चुकी है। वहीं केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान, पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक, पूर्व विधायक उमेश मलिक और पूर्व प्रमुख वीरेंद्र सिंह शुक्रवार को अदालत में पेश हुए। अन्य आरोपियों ने हाजिरी माफी प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता श्यामवीर सिंह और बिजेंद्र मलिक ने बताया कि अगली सुनवाई 14 मार्च को होगी।

## गोरखपुर में ऑटो चालक की चाकू मारकर हत्या : जांच में जुटी पुलिस

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले के खजनी थाना क्षेत्र बेलभदरा गांव में ऑटो चालक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। शुक्रवार सुबह ऑटो में शव मिलने के बाद पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, राम सिंह यादव (35) पुत्र बुधराम यादव ऑटो चलाकर अपना जीवन यापन करता था। रोज की तरह बृहस्पतिवार सुबह ऑटो लेकर गोरखपुर के लिए गया था। रात दस बजे तक घर नहीं पहुंचा तो घर वालों को चिंता हुई। राम सिंह के नंबर पर फोन किया गया तो उसका मोबाइल बंद आ रहा था। परिवार वाले समझे सवारी लेकर कही गए होंगे। आमतौर पर दूसरे दिन घर आ जाते हैं। इसके बाद शुक्रवार सुबह गांव के कुछ लोगों ने देखा कि गांव के पश्चिम छोर पर राम सिंह अपने ऑटो के साथ चालक सीट पर बैठा हुआ है। पास जाकर हिलाकर देखा तो उसकी चाकू से मारकर हत्या कर दी गई थी। गांव वालों ने इसकी जानकारी 112 व खजनी पुलिस को दी। क्षेत्राधिकारी खजनी अनिल कुमार सिंह व थानाध्यक्ष खजनी संजय कुमार मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर गांव



में शांति व्यवस्था बनाई। क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक की नाभी पर चाकू से वार किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# छात्रों के प्लेसमेंट व स्किल डेवलपमेंट के लिए अवध विवि करेगा करार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग अपने 700 से अधिक छात्रों को इंटर्नशाला प्लेटफॉर्म से मिलकर ट्रेनिंग करायेगा। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के दिशा–निर्देशन में व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग द्वारा पुणे इंस्टीट्यूट आफ बिजनेस मैनेजमेंट के मध्य अकादमिक एवं अन्य बिन्दुओ पर करार करेगा। बताते चले कि विश्वविद्यालय कैंपस प्लेसमेंट और स्किल डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के लिए इन दोनों संस्थानों के मध्य समझौता होगा। इसी क्रम में बुधवार को विभाग के छात्र–छात्राओं के लिए राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार कौशल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या मे छात्र–छात्राओं ने पंजीकरण कराया। अर्हता परीक्षा उत्तीर्ण करने पर विद्यार्थियों के लिए कई कंपनियों से रोजगार के लिए दरवाजे खुल जायेंगे।पुणे इंस्टीट्यूट आफ बिजनेस मैनेजमेंट के कौशल विकास प्रबंधक प्रतीक राज व मुकेश गुप्ता ने बताया कि दोनों संस्थानों के लिए न केवल रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा बल्कि विद्यार्थियों के कौशल विकास व शैक्षिक उन्नयन हेतु शिक्षक विकास कार्यक्रम का आयोजन समयत्र पर किया जाता रहेगा। उन्होंने बताया कि इंटर्नशाला एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है जो कि ट्रेनिंग के साथ एम्प्लॉयमेंट भी प्रदान करता है। इसका लाभ अध्यनरत छात्र–छात्राएं अपनी सुविधानुसार उठा सकेंगे। व्यवसाय प्रबंध विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने बताया कि एमओयू होने से छात्रों के समग्र विकास के साथ प्लेसमेंट के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि दोनों संस्थानों के मध्य कई प्रोग्राम सम्पन्न कराये जायेंगे। जिसमें फैकेल्टी डेवलपमेंट, स्टूडेंट डेवलपमेंट, स्किल डेवलपमेंट, लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, स्टूडेंट प्लेसमेंट और जॉइंट रिसर्च एक्टिविटी प्रोग्राम होंगे। प्रो0 हिमांशु शेखर ने बताया कि विगत सत्र में कोकाकोला, कोटक महिंद्रा बैंक, यूनियन बैंक ऑफ स्विस, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, बाइजूस, स्टेटस्ट्रीट, इंडसइंड बैक जैसी बड़ी कंपनियों में छात्रों का प्लेसमेंट कराया जा चुका है। इस सत्र मे 25 से अधिक कंपनियों को विभाग मे आमंत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है। विभाग के प्लेसमेंट समन्वयक डॉ. निमिष मिश्र ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर ही नही बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा देने के साथ रोजगार दिलाने के लिए कदम उठाया गया है। भविष्य में इसके दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे। इंटर्नशाला के तहत दस हजार से अधिक कंपनियां विधार्थियो को प्रशिक्षित करती हैं। रोजगार प्रदान करने के लिए पुणे बिजनेस इंस्टीट्यूट मे 600 कंपनियां पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में अमेरिका स्थित विपणन कंपनी मशीनटेल और बेसिक होम लोन्स की चयन प्रक्रिया चल रही है जिसमें एम.बी.ए., एम.बी.ए. (फाइनेंस) के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया है।प्रो. शैलेंद्र वर्मा ने बताया कि व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग द्वारा छात्रों अधिक कैरियर के अवसर उपलब्ध कराने के लिए विश्वविद्यालय के अतिरिक्त विभागीय समिति का भी गठन किया गया है। इसका लाभ छात्र–छात्राओं को मिल रहा है। इसके अतिरिक्त पुरातन छात्रों को जो राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च पदों पर आसीन हैं। उन्हें डिपार्टमेंटल एल्युमनी एसोशिएशन द्वारा सम्मानित किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्लसमेंट समन्वयक डॉ. निमिष मिश्र के अलावा छात्र प्रसून पाण्डेय, यश्मिता तिवारी, ओजस्व तिवारी, दुर्गेश नंदिनी और फजलुद्दीन खान प्लेसमेंट के लिए महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इस कार्ययोजना को बनाने में डॉ. अंशुमान पाठक, डॉ. महेंद्र पाल सिंह, डॉ. रामजीत सिंह यादव, डॉ. रविंद्र भारद्वाज, डॉ. हर्षवर्धन, डॉ. आशीष पटेल, डॉ. प्रवीण राय, डॉ. संजीत पांडेय, जूलियस कुमार का विशेष योगदान रहा।

# गैस मूल्य वृद्धि पर ग्रामीणों के साथ सपा के दिव्यांग नेता ने सिलेंडर की आरती उतारकर जताया विरोध

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) गैस मूल्य वृद्धि पर ग्रामीणों के साथ सपा के दिव्यांग नेता पंडित समरजीत ने गैस सिलेंडर की आरती उतारकर विरोध जताया।विधानसभा बीकापुर क्षेत्र के पिपरी जलालपुर निषाद बस्ती में ग्रामीणों के साथ गैस सिलेंडर की आरती उतारकर विरोध जताया।पंडित समरजीत ने कहा कि – जब से भाजपा सरकार सत्ता में आई है तब से लगातार गैस सिलेंडर के साथ–साथ खाद्य पदार्थों का बेतहाशा मूल्य बढ़ाकर देश की जनता को भुखमरी की कगार पर पहुंचाने का काम किया है। जहां एक तरफ घर–घर गैस सिलेंडर देकर देश की जनता को मुंगेरीलाल के सपने दिखाए वही आज गैस मूल्य वृद्धि करके गरीब लोगों के घरों के चूल्हे बुझाए जा रहे हैं। सत्ता किंग लाइक आ रहे लोगों को अब गरीबों का ख्याल नहीं रहा ना उनकी रोजी–रोटी का ख्याल रहा, ना रोजगार देने का ख्याल रहा, ना शिक्षा देने का ख्याल रहा, ना सरकार को स्वास्थ्य व्यवस्था का ख्याल रहा केवल भाजपा सरकार को महंगाई बढ़ाने का ख्याल रहता है उसके बाद समाज और जनता के साथ क्या हो रहा है क्या नहीं हो रहा है इससे सरकार को कोई मतलब नहीं है जैसे अंग्रेजों ने जनता के साथ किया था आज वही रास्ते पर जनता के साथ भाजपा सरकार कर रही है यही हमारे देश की जनता 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। कार्यक्रम में राजित राम निषाद, अर्जुन निषाद, पंकज कुमार, छोटेलाल बर्मा, मूलचंद यादव, अनिरुद्ध सिंह, ननकऊ कोरी, सत्यम पांडे रहे।

# बाबतपुर एयरपोर्ट मार्ग का सुंदरीकरण कार्य शुरू : दो करोड़ की रोशनी से जगमगाएगा शहर का हर कोना

वाराणसी ब्यूरो : जी–20 सम्मेलन को लेकर बाबतपुर एयरपोर्ट मार्ग का सुंदरीकरण कार्य शुरू कराया गया है। गुरुवार को पीडब्ल्यूडी और राजस्व के अधिकारियों ने निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। इस मार्ग पर डेढ़ मीटर की इंटरलाकिंग और दो मीटर का फुटपॉथ बनेगा। टर्मिनल बिल्डिंग स्थित पार्किंग व एयरपोर्ट मार्ग को भी सुंदर बनाया जाएगा।एयरपोर्ट मुख्य द्वार से जौनपुर मार्ग ब्रिज तक सड़क के मध्य भाग से 40–40 फीट दोनों ओर फुटपाथ और इंटरलाकिंग का कार्य कराया जाएगा। इस दौरान मुनादी भी कराई गई। मुनादी में अतिक्रमण करने वालों को तीन मार्च तक का अंतिम अवसर दिया गया। अतिक्रमण हटवाने के दौरान विभाग जुर्माना भी वसूलेगा। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने बताया कि सड़कों पर 420 स्ट्रीट लाइटें लगाने की योजना है। दो सड़कों पर करीब दो करोड़ की लागत से रोशनी




की व्यवस्था की जाएगी। वीडीए उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल ने बताया कि चौकाघाट से नमोघाट और पड़ाव तक की चार किमी सड़क पर 152 हेरिटेज व माडर्न पोल पर 232 लाइटें लगाई जाएंगी। पार्कों के सुंदरीकरण, थीम आधारित पेंटिंग और चित्रकारी होगी। साथ ही खास चौराहों को भी विशेष थीम पर बनाने की योजना है। यहां छह बैठकें प्रस्तावित हैं।

# जैनब के व्हाट्सएप कॉल पर पुलिस की नजर : अशरफ से संपर्क में रहने का शक

प्रयागराज ब्यूरो : अशरफ की पत्नी जैनब रूबी ने पुलिस की पूछताछ में कहा कि उसे घटना के बारे में कुछ नहीं पता। वह न तो शाइस्ता के साथ रहती थी, न ही चकिया आना जाना था। पुलिस जैनब के व्हाट्सएप काल को भी खंगाल रही है। शक है कि जैनब बरेली जेल में बंद अशरफ से व्हाट्सएप काल के जरिए संपर्क में थी। पुलिस ने अशरफ की पत्नी जैनब रूबी को दो दिन पहले हटवा स्थित उसके मायके से उठा लिया था। जैनब से उसकी जेठानी शाइस्ता परवीन और असद के बारे में पूछताछ की गई। उसने बताया कि वह काफी समय से चकिया नहीं गई। न ही शाइस्ता से उसकी मोबाइल से कोई बात हुई। उमेश पाल हत्याकांड के बारे में उसने कहा कि वह कुछ नहीं जानती। वह तो अपने मायके में रहती है। पुलिस जैनब के व्हाट्सएप कॉल की छानबीन कर रही है। शक है कि वह बरेली जेल में बंद अशरफ से व्हाट्सएप कॉल से संपर्क में थी। व्हाट्सएप में काफी चैट और काल डिलीट भी है। पुलिस



को सदाकत के मोबाइल से कुछ संदिग्ध नंबर मिले थे। संदिग्ध नंबरों को जैनब के मोबाइल में मिले नंबरों से मिलाया जा रहा है। इसके अलावा जैनब से असद के बारे में पूछताछ की गई कि वह कब उससे आखिरी बार मिला था। घटना का पता उसे कैसे चला? घटना के बाद शाइस्ता या असद ने उससे संपर्क किया था कि नहीं। आखिरी बार वह अशरफ से कब मिली थी। उसने मोबाइल से कब बात की थी। यह सब बातें जैनब से पूछी गईं।

# असलहा व कारतूस समेत आरोपी गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कोतवाली अयोध्या पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से असलहा व कारतूस बरामद किया।प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली अयोध्या मनोज शर्मा,उप निरीक्षक स्वतंत्र कुमार मौर्या और स्वाट टीम प्रभारी अरशद खान ने शातिर जालसाज राजेश द्विवेदी पुत्र शिव प्रसाद द्विवेदी निवासी रामकोट थाना राम जन्मभूमि को रंगे हाथ दो पिस्टल एक जिंदा कारतूस व पांच खोखा के साथ मौनी मांझा रेलवे ब्रिज के निकट से गिरफ्तार किया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली अयोध्या मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि अभियुक्त राजेश द्विवेदी के खिलाफ पहले से ही कई जालसाजी के मुकदमे कायम थे।मुखबिर की सूचना पर उसे रंगे हाथ अवैध असलहे एवम् कारतूस के साथ इसको मौनी माझा रेलवे ब्रिज निकट से गिरफ्तार किया गया।

## समीक्षा बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी ने अपने अधीनस्थ कर्मियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा की अध्यक्षता में विशेष टीकाकरण पखवाड़ा और नियमित टीकाकरण की प्रगति को लेकर जिला स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय



राजा ने बताया कि आगामी विशेष टीकाकरण पखवाड़ा जो कि माह मार्च में चलाया जाएगा में उसमें सभी वंचित और छूटे बच्चों का सर्वे कराकर उनकी लाईन लिस्टिंग समय से करा लें।बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने नियमित टीकाकरण उपलब्धि को भी बढ़ाने के लिए वहां पर मौजूद कर्मियों को निर्देश दिए।बैठक में एस आर टी एल, डब्लू एच ओ डा नीरज सिंह, एस एम ओ डा आशू सिंह, एसीएमओ डा डी के शर्मा, डी एल ओ डा सईद, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा दिलीप सिंह, डिप्टी डी आई ओ डा राजेश चौधरी, डा अरविन्द श्रीवास्तव, डीएमओ मंजुला आनंद, यूनिसेफ से श्री हवलदार सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बाइक सवार ने 10 वर्षीय बच्चे को मारी टक्कर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) प्रयागराज हाईवे पर खजुराहट के पास बाइक सवार ने बच्चे को मारी टक्कर। बाइक में फंसकर 10 वर्षीय बच्चा काफी दूर तक घिसटता रहा। बाइक सवार मौके




से हुआ फरार। घायल बच्चा इलाज के लिए चिकित्सक के पास। दूसरी घटना हाईवे पर ही स्थित कमपोजिट विद्यालय शेरपुर पारा की है जहां कक्षा 3 का छात्र रितेश स्कूल आते समय बाइक की चपेट में आकर घायल हो गया घायल अवस्था में छात्र को अध्यापकों द्वारा प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों के अभाव के कारण उसे जिला अस्पताल भेजा गया। यहां भी बाइक सवार मौके से फरार हो गया।

सम्पादक मंडल
श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।